अमर उजाला 13/04/2025

आई हेट पॉलिथीन मुहिम सहयोग की अपील

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के स्टार्ट-अप सेंटर द्वारा सेमिनार में विद्यार्थियों को पॉलिथीन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। प्राचार्य डॉक्टर रोहित दत्त ने कहा कि आई हेट पॉलिथीन अभियान से जुड़कर विद्यार्थी भी पर्यावरण को बचाने में अपना सहयोग कर सकते हैं। इसके बाद कॉलेज में जलियांवाला बाग की पूर्व संध्या पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. धर्मवीर ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी एवं विद्यार्थी इस तरह के ऐतिहासिक व्याख्यानों के माध्यम से भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से प्रेरणा ले सकते हैं। जिससे वे समाज और देश के निर्माण में अपनी भूमिका अदा कर सकते हैं। डॉ कृष्ण कुमार ने बताया कि जलियांवाला बाग भारतीय इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना है। इस घटना के बाद भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन न केवल मजबूती से आगे बढ़ा था बल्कि साथ ही साथ इस घटना ने पूरे देशवासियों को एकजुट कर दिया था। संवाद